## एक नजर में

### ट्रेन से टकराकर घायल हुई गाय, गऊ सेवा दल ने बचाई जान



**नीमच।** बुधवार सुबह तड़के शिवघाट के आगे रेलवे लाइन पर एक गाय ट्रेन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी रेलवे कर्मचारी द्वारा गौ सेवक मितेश अहीर को दी गई। सूचना मिलते ही गऊ सेवा दल की टीम गौ एम्बुलेंस लेकर तत्काल मौके पर पहुंची।गौ सेवकों ने सबसे पहले गाय का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद कड़ी मशक्कत करते हुए घायल गाय को दो पटरियों के बीच से सुरक्षित बाहर निकाला गया और साइड में लाया गया। इसके पश्चात गाय को सावधानीपूर्वक गौ एम्बुलेंस में चढ़ाकर उपचार शाला पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार लगातार जारी है।बताया गया कि गाय के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन समय पर मिली सहायता से उसकी जान बचाई जा सकी। इस मानवीय और सराहनीय सेवा कार्य में गौ सेवक मितेश अहीर के साथ पार्थ जोशी, अंचल माली, राहुल रालोत, लक्ष्मी नारायण ठाकुर तथा मौके पर मौजूद अन्य राहगीरों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।गऊ सेवा दल द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई और समर्पण की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### अल्कोलाइड कारखाना परिसर के उपर का हवाई क्षेत्र नो ड्रोन झोन घोषित

**नीमच।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री हिमांशु चंद्रा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163( 1)के तहत शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना नीमच म.प्र. परिसर के ऊपर के हवाई क्षेत्र को नो ड्रोन झोन घोषित कर, प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से 14 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

### कलेक्टर द्वारा नीमच जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा सम्पूर्ण नीमच जिले में वर्ष 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश (उक्त स्थानीय अवकाश कोषालय एवं बैंक को छोड़कर) घोषित किए गए है। कलेक्टर द्वारा 25 सितम्बर 2026 शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी, 19 अक्टूबर 2026 सोमवार को महानवमी एवं 11 नवम्बर 2026 बुधवार को भाईदूज पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी

**नीमच।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर सभी शासकीय भवनों एवं एतिहासिक स्थलों पर 26 जनवरी 2026 को एक दिन रौशनी की जायेगी।इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी विभागों को निर्देश जारी किये गये है।

### पिपलिया हाडी में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर




**नीमच।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर मालाहेड़ा द्वारा निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर ग्राम पंचायत पिपलिया हाड़ी में बुधवार को आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग,विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, अर्श ,गैस, अम्लपित आदि से पीड़ित रोगियों की जांच कर नि:शुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 54 लाभार्थी को औषधियां वितरित की गई। आयुष चिकित्सक डॉ.आबिद खान ने मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय, तनाव से मुक्ति, नशा मुक्ति, स्वच्छता अभियान, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी।शिविर में औषधालय स्टाफ, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, आदि उपस्थित थे।

### पेट्रोल पंप के सामने अवैध पार्किंग से बिगड़ी रहवासी आमजन परेशान, यातायात बाधित हो रहा



**मंदसौर।** पुलिस यातायात थाने के पास मॉर्डन पेट्रोल पंप के सामने स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई) शाखा के बाहर अवैध पार्किंग से आमजनता परेशान है। यहां पार्किंग का अब नियम नहीं, बल्कि रोज़ का तमाशा बन चुकी है। सड़क को निजी पार्किंग में बदल दिया गया है और जिम्मेदार विभाग आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं।नतीजा-रॉयल रेसिडेंसी के रहवासी त्रस्त हैं और स्कूली बच्चे सड़क पर उतरने को मजबूर। हालात इतने बदतर हैं कि कॉलोनी के भीतर स्कूल वाहन तक घुस नहीं पा रहे, बच्चों को व्यस्त मुख्य मार्ग पर ही उतारना पड़ रहा है। यह सीधे-सीधे बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ है।बैंक और पेट्रोल पंप पर आने वाले वाहन मनमानी पार्किंग कर सड़क को संकरा कर देते हैं, जिससे हर वक्त जाम लगा रहता है।आपातकालीन वाहन भी फंस जाएं तो जिम्मेदारी किसकी? सवाल यह है कि नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस आखिर किस हादसे का इंतज़ार कर रही है? क्या व्हाइट मार्किंग, नो-पार्किंग ज़ोन और चालानी कार्रवाई सिर्फ कागज़ों के लिए हैं? रहवासियों की शिकायतें हवा में उड़ रही हैं और प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।रॉयल रेसिडेंसी के लोगों ने चेताया है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनसुनवाई और सी,म हेल्पलाइन के साथ-साथ आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन जागता है या फिर किसी अनहोनी के बाद ही नियम याद आएंगे।

### मंदसौर में 2 फरवरी को नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

**मंदसौर।** जीसीएस हॉस्पिटल अहमदाबाद के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मंदसौर में एक नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सोमवार, 2 फरवरी 2026 को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर नंद सेवा संकल्प समिति मंदसौर श्रीमहर्षि सेवा संस्था मंदसौर एवं अनामिका जन कल्याण सेवा समिति मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।शिविर का आयोजन स्वर्गीय प्रदीप छोगमल खिंदावत (जैन), संजीत की प्रथम पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। शिविर का आयोजन स्थल श्री पशुपतिनाथ एसोसिएट्स, शक्कर कुईया कॉम्प्लेक्स, दवा बाजार, मंदसौर रहेगा। प्रेस को जारी जानकारी देते हुऐ नंद सेवा संकल्प समिति अध्यक्ष दयाराम चौहान ने बताया कि शिविर में जीसीएस हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जनरल सर्जरी, हड्डी रोग (ऑर्थोपेडिक), हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), मूत्र रोग (यूरोलॉजी) एवं कान, नाक एवं गला (ईएनटी) से संबंधित रोगों की नि:शुल्क जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर के दौरान पेट, पित्ताशय, किडनी, प्रोस्टेट, हड्डी-जोड़ दर्द, घुटना प्रत्यारोपण, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मूत्र मार्ग की समस्याएं, पथरी, प्रोस्टेट विकार, साइनस, थायरॉइड सहित कान-नाक-गला से जुड़ी बीमारियों की जांच की जाएगी। कुछ रोगों में बिना ऑपरेशन आधुनिक तकनीकों से उपचार की जानकारी भी दी जाएगी। शिविर मे दवाइयां नि: शुल्क वितरीत की जायेगी। आयोजकों ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं।

# दशपुर बीसा पोरवाल सोश्यल ग्रुप ने किया नि:शुल्क मेघा रक्त परीक्षण शिविर आयोजित

**▸ 283 का रक्त परीक्षण व 60 की टी.बी. स्क्रीनिंग हुई**



**मंदसौर। दशपुर बीसा पोरवाल सोश्यल ग्रुप मंदसौर द्वारा नि:शुल्क मेघा रक्त परीक्षण एवं टी.बी.स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। शिविर मे चिकित्सक के परामर्श पर 283 व्यक्तियों का रक्त परीक्षण किया गया ताकि समय से पहले जागरूक होकर उपचार कराया जा सके। साथ ही चिकित्सक के परामर्श पर 60 व्यक्तियों की टी.बी. स्क्रीनिंग भी की गई। इस प्रकार इस मेघा शिविर में सभी सदस्यों एवं उनके परिवार जनों ने शिविर का खूब लाभ उठाया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दशपुर बीसा पोरवाल समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन गोटावाला ने कहा कि सोश्यल ग्रुप द्वारा इस वर्ष काफी सराहनीय सेवा प्रोजेक्ट किये जा रहे हैं इसी तारतम्य में ऐतिहासिक रक्त परीक्षण शिविर जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित किया गया उसके लिए अध्यक्ष सीए मयंक जैन एवं सारी टीम को बहुत-बहुत बधाईयाॅ एवं साधुवाद।

विशिष्ठ अतिथि श्री आदिनाथ मंदिर ट्रस्ट,तलेरा विहार के अध्यक्ष निर्मल जैन मच्छीरक्षक, बीसा पोरवाल स्थानकवासी समाज के अध्यक्ष अजित जैन थंबावाला, बीसा पोरवाल समाज के सचिव पवन जैन एचएम एवं संयोजक संजय पोरवाल डीएन द्वारा भी हार्दिक बधाईयाँ देते हुए कहा कि बहुत ही सराहनीय सेवाएं की जा रही है।

ग्रुप अध्यक्ष सीए मयंक जैन ने बताया कि सभी के सहयोग से ही नि:शुल्क रक्त परीक्षण शिविर सदस्यो एवं समाज के लिए आयोजित कर सके। परीक्षण में यदि कोई खराबी आती है तो वह उचित समय पर उपचार करा सकेगे। हमारा प्रयास रहेगा कि एक-दो स्वास्थ्य शिविर और आयोजित कर सके।

शिविर के प्रारंभ में कुलदेवी मां अंबिका माताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों का मोतियों की माला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय से टी.बी.अधिकारी डॉ. आर.के.द्विवेदी, डॉ.प्रवीण पाटीदार एवं बीएमओ धुंधड़का डॉ.अभिषेक जैन एवं चिकित्सालय की प्रशिक्षित टीम द्वारा सराहनीय सेवाऐ दी गई। शिविर में कुशल पोरवाल, निखिल मच्छीरक्षक, सोविल पोरवाल, पल्लव पोरवाल, नितिन रिछावरा एवं ग्रुप के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने में विशेष सेवाएं प्रदान की गई।

ग्रुप द्वारा जिला चिकित्सालय में टी.बी.मरीजों के लिए 21 न्यूट्रिशन बास्केट भी प्रदान किए गए ताकि वह बीमारी से लड़ सके एवं शीघ्र स्वस्थ हो सके।आभार सचिव सीए प्रनेह जैन ने माना।

## हेमू कालाणी का शहादत दिवस श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया

**मन्दसौर। सिंधी समाज की अग्रणी संस्थाओं भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा एवं हेमू कालाणी युवा समिति, मंदसौर द्वारा अमर शहीद हेमू कालाणी का शहादत दिवस श्रद्धा, राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हेमू कालाणी चौराहे पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को नमन किया गया तथा उनके राष्ट्रभक्ति के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।**



इसके पश्चात भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा द्वारा शासकीय जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी एवं पूज्य संत स्वामी श्री लीला शाह महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में समाज के युवाओं रोहित लालवानी, नितिन लालवानी, कमलेश रामचंदानी, कमलेश कोठारी, अशोक कोठारी सहित अनेक युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर शहीद हेमू कालाणी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही युवाओं ने राष्ट्रीय हित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहने का संकल्प भी लिया। रक्तदाताओं को भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दोनों आयोजनों में राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर, वरिष्ठ समाजसेवी दृष्टानंद नैनवानी, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, संयोजक नंदू भाई आडवाणी, महासचिव राजेश चाहूजा, संरक्षक शंकर भाई चंदानी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू चावला, धीरज पाटीदार, नरेश चंदवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, शहर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, कांग्रेस नेता मनजीत सिंह मनी, युवा भाजपा नेता मंडल अध्यक्षद्वय अरविंद सारस्वत एवं विनोद डगवार सहित समाज व शहर के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन हेमू कालाणी युवा समिति के अध्यक्ष राजेश ज्ञानानी एवं भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कोठारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के शहर अध्यक्ष दिनेश चंदवानी द्वारा किया गया।

## अहिरवार समाज की बैठक संपन्न

**▸ नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ**



**मंदसौर।** अहिरवार समाज मन्दसौर, नीमच, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ मालवा मेवाड़ की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को बंजारी बालाजी परिसर पानपुर पर रखी गई जिसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल चौहान द्वारा की गई। जिसमे जारी एजेण्डा अनुसार निम्न विषयो पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती का भव्य आयोजन करना। सामूहिक विवाह सम्मेलन करने पर चर्चा की गई, दिनांक प्रथक से तय की जाएगी। अहिरवार समाज के प्रत्येक गांव से वरिष्ठ एवं युवा सदस्य एवं ट्रस्टी सदस्यों की पैनल बनाई गई। मृत्युभोज के कार्यक्रम में कपड़ा प्रथा पूर्णत: बंद किया जाने का निर्णय लिया गया। अहिरवार समाज की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संरक्षक के लिए कारूलाल गरदोडा, हरिराम चांगली, मोहनलाल नगरपालिका रेवेन्यू इंस्पेक्टर, नर्सिंगपुरा, जगदीश पूर्व सरपंच, बोहराखेड़ी, शांतिलाल बोहरा खेड़ी, मदनलाल पूर्व समाज अध्यक्ष, संयोजक मनोहर लाल मालियाखेरखेड़ा, प्रकाश मेनपुरिया, संगठन मंत्री परसराम चौहान मंत्री अघोरिया, महामंत्री ओमप्रकाश अहिरवार मंत्री भरड़ावद, ओमप्रकाश (भीम सेना प्रदेश अध्यक्ष नर्सिंगपुरा, प्रचार मंत्री बसंतीलाल मालियाखेरखेड़ा, मन्दसौर, नीमच, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ चारो जिलों का युवा अध्यक्ष विक्रम अहिरवार सरपंच सेजपुरिया को नियुक्त किया गया। जंनोद बर्रामा के अध्यक्ष घीसालाल अहिरवार को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजन समाज उपाध्यक्ष रूपलाल अहिरवार, समाज सचिव शांतिलाल अहिरवार, समाज कोषाध्यक्ष राजू अहिरवार दिलावरा, डालूराम अहिरवार बहादरी, मदनलाल अहिरवार (पूर्व सरपंच) दिलावरा, घनश्याम अहिरवार सरपंच अघोरिया, तुलसिराम अहिरवार गरदोडा, हीरालाल अहिरवार छाजूखेडा, अमृतराम अहिरवार रलायता, बंटेश चौहान नरसिंपुरा, खेमराज अहिरवार जंनोद, भेरूलाल अहिरवार दमदम, रामप्रसाद अहिरवार जंनोद, राधेश्याम अहिरवार पानपुर, राधेश्याम अहिरवार चांगली, परसराम अहिरवार टोलखेड़ी, जमनालाल अहिरवार उदपुरा, सीताराम अहिरवार बोहराखेड़ी, अमृतराम अहिरवार दमदम कुआ, भेरुलाल अहिरवार बहादरी आदि समाजजन उपस्थित रहे।

## उद्योग संघ झांझरवाड़ा का गठन, सुनील सिंहल अध्यक्ष

**▸ सीए दिलीप मित्तल सचिव नियुक्त**





**नीमच। झांझरवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों की एक महत्वपूर्ण बैठक अमन प्रिकास्ट परिसर में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के समग्र औद्योगिक विकास, आपसी समन्वय एवं समस्याओं के सामूहिक समाधान के उद्देश्य से उद्योग संघ झांझरवाड़ा के गठन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।**

बैठक में क्षेत्र की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।बैठक के दौरान अध्यक्ष पद के लिए सुनील सिंहल (अमन प्रिकास्ट) के नाम का प्रस्ताव सुमित जागेटिया द्वारा रखा गया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इसके पश्चात सचिव पद के लिए सीए दिलीप मित्तल (व्योम एग्रो) को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही संगठन की पूरी कार्यकारिणी का गठन भी सर्व सहमति से किया गया।नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर सुमित जागेटिया (मालवा पेट्रो केमिकल), कोषाध्यक्ष सुयश ऐरन (शाकंभरी इंडस्ट्रीज) तथा सह-सचिव अली हुसैन (नीमच कमर्शियल) को दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुशील गट्टानी (गट्टानी हर्ब) एवं परेश सालगिया (वीर इंडस्ट्रीज) को शामिल किया गया।

इसके अतिरिक्त विशेष आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्यों में साबिर भाई (स्वराज इंडस्ट्री), रोहित जैन (विश्वेश्वरैया), अनूप चौरसिया (ड्रूस्क), हातिम भाई (बाबजी इंडस्ट्रीज), अनिल गोयल (गणपति एग्रो), अमर सैनी (शारदा फूड्स), विकास गोयल (रिद्धि सिद्धि पैकेजिंग), प्रशांत गोयल (राज कांटा), ताहा कपाड़िया (ग्लोबल इंडस्ट्रीज), राजेश जायसवाल (पराग इंडस्ट्रीज), निकेश अग्रवाल (नीरज कुमार निकेश कुमार), सोनू कदम (केजी ग्रीन), चंपालाल गुर्जर (प्रणाम ग्लोबल) एवं मनीष मंगल (इनाया एग्रो फूड) को शामिल किया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही संगठन का विधिवत पंजीयन कराकर औपचारिक रूप से कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

संगठन के पहले कार्यक्रम के रूप में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एमपीआईडीसी कार्यालय के सामने ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उद्योगपतियों ने आशा व्यक्त की कि यह संघ झांझरवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## सांवर मल कांठेड़ ने अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल के माध्यम से की देहदान की घोषणा

**नीमच। दान, उपकार और परोपकार की परंपरा के लिए पहचाने जाने वाले नीमच नगर में एक और प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया है। अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच के माध्यम से सांवर मल कांठेड़ द्वारा देहदान की घोषणा की गई।यह मंडल की तृतीय देहदान घोषणा है, जिसे वीरेंद्र कुमार सखलेचा जिला चिकित्सा महाविद्यालय, नीमच में विधिवत रूप से प्रस्तुत किया गया।**



इस अवसर पर डॉ.श्रीमती फातिमा भोपाल वाला, डॉ. श्रीमती इति मंत्री एवं डॉ. मृदुल त्रिपाठी ने देहदान घोषणापत्र को स्वीकार किया। डॉ. फातिमा भोपाल वाला ने कहा कि देहदान मानव सेवा का उत्कृष्ट और सर्वोच्च उदाहरण है। एक देह चिकित्सा महाविद्यालय में लगभग 100 वर्षों तक अध्ययन के लिए उपयोगी होती है, जिससे हजारों चिकित्सा विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर भविष्य में जनसेवा के लिए सक्षम बनते हैं। उन्होंने देहदान को 'महादान' बताते हुए समाज को इस दिशा में आगे आने का संदेश दिया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पारस कांठेड़, सचिव जितेंद्र सखलेचा, पूर्व अध्यक्ष मनोहर शंभू बंब,आशा सांभर, उपाध्यक्ष रेखा जैन, अनिल बोडावत, मुकेश नानावटी, सुरेन्द्र बंब, मंजू कांठेड़, महावीर रांका सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने श्री कांठेड़ के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

## गणतंत्र दिवस परेड का भव्य पूर्वाभ्यास जारी, 10 प्लाटून लेंगे भाग

**▸ 24 जनवरी को फाइनल ड्रेस रिहर्सल, 26 जनवरी को न. 2 मैदान में होगा मुख्य समारोह**

**नीमच। देश के 77 वें गणतंत्र दिवस को लेकर नीमच में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह शहर के शासकीय क्रमांक-2 स्कूल मैदान में गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।**

इससे पूर्व 24 जनवरी को फाइनल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी प्लाटून पूर्ण गणवेश में परेड का अभ्यास करेंगे।गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत प्रतिदिन क्रमांक-2 स्कूल मैदान परिसर में परेड का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में कुल 10 प्लाटून शामिल होंगे, जो अनुशासन, एकरूपता और देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन करेंगे। परेड में सीआरपीएफ, वन विभाग, महिला पुलिस बल, पुरुष पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट-गाइड, होमगार्ड, शौर्य दल,रेडक्रास, सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के प्लाटून भाग लेंगे।पूर्वाभ्यास के दौरान परेड कमांडर के निर्देशन में सभी टुकड़ियां कदमताल, सलामी और मार्च पास्ट का अभ्यास कर रही हैं।

परेड के दौरान सीआरपीएफ बैंड की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों पर सभी प्लाटून मंच के समक्ष से गुजरते हुए राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव का संदेश देंगे। बैंड की मधुर एवं जोशीली धुनों से मैदान परिसर में देशभक्ति का वातावरण निर्मित हो रहा है।प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तैयारियों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं गरिमामय रूप से संपन्न हो सके। परेड में शामिल जवानों, छात्रों एवं स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नगरवासियों में भी 26 जनवरी को होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर उत्सुकता बनी हुई है।

**एक नजर** ▸ 30 स्वाध्यायी श्रावक-श्राविकाओं ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया

## तीन दिवसीय स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर संपन्न




**मन्दसौर।** पूज्य आचार्य प्रवर 1008 विजयराज म सा के आज्ञानुवर्ति सेवारत्न श्रद्धेय विनोदमुनि म.सा. आदि ठाणा 3 के निश्रा में त्रि दिवसीय स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन साधुमार्गी शांत क्रांति स्वाध्याय परिषद द्वारा श्री साधुमार्गिय शांत क्रांति जैन श्रावक संघ, मंदसौर के तत्वाधान में किया गया।

इस शिविर में करीब 30 स्वाध्यायी श्रावक-श्राविकाओं ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। शिविर का आयोजन नवकार भवन मंदसौर में किया गया। प्रशिक्षण का प्रारंभ प्रात: 5 बजे जागरण के साथ ध्यान, स्वाध्याय, सामयिक एवं प्रतिक्रमण से प्रारम्भ होकर देवसीय प्रतिक्रमण उपरांत स्वाध्याय, श्रावकों की पूज्य विनोद मुनि महाराज साहब से शंका समाधान आदि के पश्चात शयन के पूर्व तक संपन्न होता था।

प्रवचन के पश्चात पूज्य विनोद मुनी म. सा.द्वारा अंतगढ़ सूत्र का वाचन एवं उसका महत्व आदि पर प्रतिदिन प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात स्वाध्याय परिषद के संयोजक संजय पटवा, भोपाल ने आसान तरीके से थोकडो का ज्ञान दिया। चेन्नई से विशेष रूप से पधारे अखिल भारतीय प्रभारी अजय मेहता एवं प्रेमलता मेहता ने अपनी तीन क्लास में 'अच्छे वक्ता कैसे बनें' प्रवचन देने की कला एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाकर पयूर्षण पर्व में धर्माराधना करवाने का प्रशिक्षण दिया।

प्रेमलता मेहता के विशेष प्रयास एवं प्रोत्साहन से इस वर्ष मंदसौर से स्वाध्याय सेवा देने के लिए करीब पांच-सात श्रावक-श्राविकाएं तैयार हुए। उन्होंने प्रतिक्रमण के बाद विविध माध्यम द्वारा प्रतियोगिता करवाई एवं प्रत्याख्यान करवाए।

अखिल भारतीय शिविर संयोजक विजय नगर निवासी श्री ताराचंद बोहरा एवं चित्तौड़गढ़ के लक्ष्मीलाल खेरोदिया ने भी अपने भाव रखे। शिविर के आयोजन में मंगलवाड के जयदीप लोढ़ा का विशेष सहयोग रहा।

त्रि दिवसीय शिविर में आवागमन, आवास एवं भोजन की सुंदर व्यवस्थाएं शांति क्रांति श्री संघ मंदसौर द्वारा की गई। साथ ही समापन अवसर पर श्रीसंघ द्वारा सभी शिविरार्थीयों का बहुमान अभिनन्दन पत्र एवं अति सुंदर प्रभावना देकर किया गया।इस कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष विमल पामेचा, राष्ट्रीय महामन्त्री वीरेंद्र जैन, सुरेश जैन थम्बावाला, अजीत जैन, लोकेन्द्र जैन, विकास कोचट्टा, दिनेश जैन, भुपेन्द्र भण्डारी, अजीत पामेचा, गजराज जैन, श्रीमती अन्जना जैन, श्रीमती पद्मा जैन, श्रीमती नलवाया, हस्तीमल कोचट्टा, राजेन्द्र पामेचा एवं संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण, श्रावक व श्राविका का विशेष सहयोग रहा अन्त में संघ द्वारा सभी स्वाध्याईयों का बहुमान किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्रीसंघ महामंत्री शेखर कासमा ने किया।